CCI NG 3.7 Product: NBTMumbaiBS PubDate: 21-03-2026 Zone: Mumbai Edition: 1 Page: NBTMHJK1 User: cci Time: 03-20-2026 22:35 Color:

महानगर > मुंबई > **शनिवार, 21 मार्च 2026** > फाल्गुन 30, शक संवत 1947, चैत्र शुक्ल तृतीया, विक्रम संवत

WATCH GOD WATCHDOG

# NBT नवभारत टाइम्स

वर्ष 77, संख्या 67 > मूल्य ₹6.00 > पेज 14 > आर. एन. आई. पंजीयन नंबर 1613/57

www.nbt.in

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।



**PF से HRA तक... 1 अप्रैल से बदलेंगे आयकर नियम**

▶ देखें अंदर

**TMC के वादों में महिलाओं, बेरोज़गारों का खास ध्यान**

▶ देखें अंदर










# वसई-विरार शहर में होगी क्लस्टर स्कीम लागू !



“पिछले छह सालों में वसई-विरार में एक भी स्लम एरिया को ऑफिशली कन्फर्म नहीं किया गया है। इस वजह से संबंधित निवासियों और ऑर्गनाइज़ेशन को कानूनी मालिकाना हक नहीं मिला है। इन सभी पर अवैध निर्माण की तलवार लटक रही है। - *राजन नाईक, विधायक (नालासोपारा)*

■ **सुरेंद्र नेगी, वसई :** राज्य सरकार ने वसई विरार में क्लस्टर स्कीम को लागू करने के निर्देश दिए हैं। हालांकि, यहां पांच लाख से अधिक प्रॉपर्टीज बिना अनुमति की बनी होने का खुलासा हुआ है। ऐसे में, वसई-विरार की इन इमारतों के अवैध होने की आशंका से यहां रहने वाले लोगों का भविष्य खतरे में नजर आ रहा है।

सर्वे के अनुसार शहर में कुल 10 लाख 16 हजार प्रॉपर्टी हैं, जिनमें से लगभग 5 लाख प्रॉपर्टी बिना इजाजत के पाई गई हैं। इसी तरह 372 रिजर्वेशन जमीनों में से 329 जमीनों पर बिना इजाजत के कंस्ट्रक्शन किए गए हैं। इस स्थिति ने इस शहर के डेवलपमेंट में गंभीर रुकावटें पैदा हो रही हैं। गत वर्ष शहर में कई जर्जर अवैध इमारतों को खाली करवाकर तोड़ा गया, जिसमें सैकड़ों परिवार बेघर हो गए।

पांच लाख से अधिक प्रॉपर्टी अवैध होने के आरोप

नालासोपारा के विधायक राजन नाईक ने इस विषय को लेकर SRA के अधिकारियों से बातचीत की और प्रशासन से मांग की थी कि बेघर हुए लोगों का पुनर्वसन किया जाए। लेकिन SRA के अधिकारियों ने इस विषय पर कहा कि SRA में अवैध इमारतों का निर्माण नहीं हो सकता है। इसके बाद राजन नाईक व स्नेहा दुबे पंडित ने राज्य सरकार से इस पर बातचीत की। इसी के बाद राज्य सरकार ने संबंधित अधिकारियों को वसई-विरार मनपा क्षेत्र में मनपा अधिकारियों के साथ को-ऑर्डिनेशन करके क्लस्टर स्कीम को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया।

## भांडुप में नाजायज संबंधों के शक में हमला, आरोपी गिरफ्तार

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई :** नाजायज संबंधों के शक में पत्नी के मित्र ने पति पर धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। यह घटना भांडुप इलाके में सामने आई है। घायल व्यक्ति का इलाज केईएम अस्पताल में चल रहा है और पुलिस के अनुसार उसकी हालत स्थिर है। इस मामले में हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आरोपी को भांडुप पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद उसे स्थानीय अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

# डिजिटल अरेस्ट के नाम पर बुजुर्ग से कर डाली एक करोड़ की ठगी

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

**साइबर पुलिस** मध्य विभाग ने 71 वर्षीय बुजुर्ग से डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर 1,06,50,000 रुपये की ठगी करने के मामले में दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ साइबर पुलिस ने दर्ज किया केस

पुलिस के अनुसार, ठगों ने पीड़ित को कॉल कर खुद को पहले ट्राई (TRAI) का अधिकारी बताया और कहा कि उनके सिम कार्ड का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग और आपत्तिजनक संदेश भेजने में किया गया है। इसके बाद उन्हें यह भी बताया गया कि उनके खिलाफ सीबीआई में मामला दर्ज है और कनेक्शन एक बड़े आर्थिक घोटाले से जुड़ा हुआ है। फिलहाल, साइबर पुलिस मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश जारी है।

# मुंबई यूनिवर्सिटी में नई पहल, स्मार्ट गार्डनिंग की ओर बढ़ाया कदम

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** मुंबई यूनिवर्सिटी ने छात्रों के लिए बागवानी सीखने का एक नया अवसर शुरू किया है। यूनिवर्सिटी के एजुकेशनल आउटरीच सेंटर में गार्डनिंग और लैंडस्केपिंग के प्रायोगिक क्षेत्र का उद्घाटन किया गया। इस नई सुविधा से छात्रों को अब केवल किताबों तक सीमित नहीं रहना पड़ेगा, बल्कि वे हाइड्रोपोनिक्स (बिना मिट्टी की खेती), टेरेस गार्डनिंग और शहरी खेती जैसी नई तकनीकों को खुद करके सीख सकेंगे। इससे उनकी स्किल बढ़ेगी और उन्हें रोजगार या खुद का काम शुरू करने में मदद मिलेगी।

छात्रों को मिलेगा बागवानी का प्रैक्टिकल ज्ञान

कुलपति रवींद्र कुलकर्णी ने बताया कि यूनिवर्सिटी ग्रीन कैंपस बनाने की दिशा में काम कर रहा है। इसके तहत पानी बचाने, गंदे पानी को दोबारा इस्तेमाल करने और सौर ऊर्जा का उपयोग करने जैसे कई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रायोगिक प्रोजेक्ट छात्रों के लिए बहुत जरूरी हैं। साथ ही, यूनिवर्सिटी ने स्मार्ट गार्डनिंग पर दो दिन की वर्कशॉप भी आयोजित की। इसमें 160 से ज्यादा लोगों ने हिस्सा लिया।






**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

**whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.**

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in